झारखण्ड लोक सेवा आयोग

सर्कुलर रोड, राँची–834001

शुद्धि पत्र

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, झारखण्ड सरकार के अंतर्गत राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकिनिक संस्थानों में प्राचार्य के पद पर नियुक्त हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2014 के क्रम में सूचित करना है कि उक्त विज्ञापन के कंडिका (4) में शैक्षणिक योग्यता वाले कॉलम के नीचे **'नोट'** के रूप में निम्नरूपेण संशोधित समझा जायः–

नोट :–1. **पीएच0डी0 की समकक्षता 05 अन्तर्राष्ट्रीय जरनल के प्रकाशन पर आधारित है जिसमें से प्रत्येक जरनल का संचयी प्रभावी सूचकांक 2.0 से कम नहीं होना चाहिए तथा पदधारक मुख्य लेखक के रूप में होना चाहिए और सभी पांच प्रकाशन लेखक की विशेषज्ञता के क्षेत्र से जुड़े होने चाहिए।**

2. **पीएच0डी0 एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से होनी चाहिए।**

उपर्युक्त यथा संशोधित शैक्षणिक अर्हता के अंतर्गत वैसे आवेदक जिसने पूर्व में आवेदन समर्पित नहीं किया है वे दिनांक–**09.01.2015 रात 12:00 बजे तक** ऑन लाईन आवेदन पत्र पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2014 में निहित शर्त्तों एवं निदेशों के आलोक में समर्पित कर सकते है तथा ऑन लाईन आवेदन की मुद्रित प्रति, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो), अनुभव प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो), प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति एवं चालान की **"JPSC's Copy"** के साथ आयोग कार्यालय को **दिनांक–21.01.2015 के संध्या 5.00 बजे तक** निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ निश्चित रूप से **''परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची–834001''** के पते पर जमा कर सकते है। शेष शर्त्ते एवं अनुदेश विज्ञापन संख्या–01/2014 के अनुरूप रहेंगे। यह शुद्धि पत्र एवं विज्ञापन संख्या–01/2014 के वेबसाइड WWW.jpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।